## खबर संक्षेप



### सिद्धबाबा धाम के अस्तित्व पर संकटः पुलिस परेड ग्राउंड का विरोध

**मैहर।** मैहर जिले के मऊ स्थित प्रसिद्ध सिद्धबाबा धाम को लेकर राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता पं.रामनिवास उरमलिया ने आरोप लगाया है कि हजारों लोगों की आस्था के केंद्र और आदिवासियों की जमीन पर पुलिस परेड ग्राउंड बनाने की साजिश रची जा रही है। पं.रामनिवास उरमलिया के अनुसार,जिस स्थान पर वर्षों से मेला और यज्ञ आयोजित होते हैं,वहां परेड ग्राउंड बनाने के लिए दीवार खड़ी की जा रही है। पास में ही अन्य शासकीय भूमि होने के बावजूद धार्मिक स्थल को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि 1962 से यह जमीन आदिवासियों के नाम दर्ज है,लेकिन अब उनकी जमीन को दूसरी जगह नापा जा रहा है। धाम में करीब 150 गायों की सेवा भी की जाती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सनातन की बात करने वाली भाजपा सरकार में आस्था के केंद्र से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### नागौद में पंचायत उप-निर्वाचन की मतगणना हेतु अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

**सतना।** ग्राम पंचायत कोटा-2 में रिक्त सरपंच पद के लिए हुए मतदान की गणना 2 जनवरी 2026 को नागौद तहसील कार्यालय में होगी। इस कार्य हेतु नियुक्त गणना पर्यवेक्षकों और सहायकों को 31 दिसम्बर को सुबह 10:30 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर कलेक्टर विकास सिंह ने मास्टर ट्रेनर्स को मतगणना की बारीकियों से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

### मुकुंदपुर जू में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे एसपी और डीएफओ

**मैहर।** नव वर्ष पर उमड़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए मैहर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह और डीएफओ मयंक चांदीवाल ने मंगलवार को मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा इंतजामों और व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### नव वर्ष पर पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा

**सतना।** अपर जिला मजिस्ट्रेट विकास सिंह ने नव वर्ष के आगमन पर जिले के सभी प्रमुख पर्यटन, पार्कों और धार्मिक स्थलों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रशासनिक मुस्तैदी के साथ पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि नागरिक सुरक्षित ढंग से हर्षोल्लास मना सकें।

### मैहर में जनसुनवाई में कलेक्टर रानी बाटड ने सुनी 36 फरियादियों की गुहार

**मैहर।** नवगठित मैहर जिले में मंगलवार को कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में जनसुनवाई संपन्न हुई। इसमें जिले के विभिन्न अंचलों से आए 36 आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने एक-एक आवेदन का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध निराकरण हेतु निर्देशित किया।

---

सुनियोजित हत्या या हादसा? परिजनों का आरोप-'शराब माफिया ने रिवर्स गियर डाल दोबारा युवक पर चढ़ाया वाहन'

# अवैध शराब के खिलाफ उठाई आवाज तो बोलेरो से कुचल कर मार डाला; आदिवासी युवक की मौत पर भड़का आक्रोश





**सतना।** जिले के कोटर थाना अंतर्गत अबेर गांव में सोमवार रात सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अवैध शराब पैकारी का विरोध करने वाले एक आदिवासी युवक,वीरेंद्र आदिवासी को बोलेरो से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया गया।परिजनों और ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि यह कोई सड़क दुर्घटना नहीं,बल्कि शराब माफिया द्वारा की गई सुनियोजित हत्या है।

### वारदात की खौफनाक दास्तां

प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार,घटना सोमवार रात करीब 9 बजे की है। वीरेंद्र शराब वेयर हाउस के पास खड़ा था,तभी एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे जोरदार टक्कर मारी। आरोप है कि टक्कर मारने के बाद आरोपी रुके नहीं,बल्कि वाहन को रिवर्स कर दोबारा वीरेंद्र के ऊपर चढ़ा दिया,ताकि उसकी मौत सुनिश्चित हो सके। वीरेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### शराब माफिया से चल रही थी 'दुश्मनी'

मृतक के भाई योगेंद्र आदिवासी ने बताया कि वीरेंद्र गांव और आसपास के क्षेत्रों में हो रही अवैध शराब की सप्लाई (पैकारी) का मुखर विरोध करता था।इसी वजह से शराब ठेकेदार और उसके गुर्गे उससे रंजिश रखते थे। बताया जा रहा है कि उक्त बोलेरो कोटर की अंग्रेजी शराब दुकान से जुड़ी है, जो रोज रात ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब खपाने का काम करती है।

### सड़क पर शव रख कर किया प्रदर्शन, पुलिस के फूले हाथ-पांव

मंगलवार सुबह घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सतना-सेमरिया मार्ग पर वीरेंद्र का शव रखकर चक्का जाम कर दिया। करीब 3 घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिसबल तैनात करना पड़ा डीएसपी हेडक्वार्टर सहित कोटर,जैतवारा,रामपुर बघेलान और सभापुर थानों की पुलिस। वाहनों को कोटर से तिहाई और लखनवाह की ओर मोड़ना पड़ा। परिजनों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की है।

### परिवार का इकलौता सहारा था वीरेंद्र

वीरेंद्र मजदूरी कर अपने बुजुर्ग माता-पिता और छोटे बच्चों का पेट पालता था। वह घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत के बाद पूरे परिवार के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

### पुलिस की कार्रवाई

बोलेरो वाहन की पहचान कर ली गई है। चालक और उसमें सवार अन्य लोगों की तलाश के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं।मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**-थाना प्रभारी, कोटर**

---

## सड़क हादसे में महिला डॉक्टर गंभीर, जिला अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगा मेडिकल छात्रों ने किया हंगामा

**सतना।** शहर में सोमवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मेडिकल कॉलेज की एक इंटर्न महिला चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस घटना के बाद जिला अस्पताल में इलाज के दौरान कथित असहयोग और लापरवाही को लेकर मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

### कैसे हुआ हादसा?

जानकारी के अनुसार,जिला अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहीं डॉ.डैनी सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे ऑटो से समरिटन हॉस्पिटल लौट रही थीं। इसी दौरान जवाहर नगर गली नंबर-2 के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पलट गया और डॉ.डैनी उसके नीचे दब गईं। हादसे में उनके सिर



पर गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### अस्पताल में प्रदर्शन की वजह

मेडिकल कॉलेज के छात्रों का आरोप है कि घायल डॉक्टर को जब जिला अस्पताल लाया गया,तो वहां के स्टाफ और प्रशासन ने अपेक्षित सहयोग नहीं किया।

### छात्रों के गंभीर आरोप

घायल डॉक्टर को सीटी स्कैन के लिए ले जाने के दौरान वहां मौजूद स्टाफ का रवैया असहयोगात्मक रहा। छात्रों का कहना है कि अपने ही विभाग की साथी के साथ हुए हादसे के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने तत्परता नहीं दिखाई। इन आरोपों से आक्रोशित छात्र मंगलवार को जिला अस्पताल परिसर में एकत्र हुए और प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में जिला अस्पताल प्रशासन ने सफाई देते हुए कहा है कि मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल बिरला हॉस्पिटल (हायर सेंटर) रेफर कर दिया गया था। अस्पताल प्रबंधन ने छात्रों द्वारा लगाए गए लापरवाही के आरोपों की जांच करने का आश्वासन दिया है।


---

## भीषण सड़क हादसाः गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी कंटेनर से टकराई, 4 की मौत





**मैहर।** नेशनल हाइवे-30 पर नादन के पास सोमवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 11 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कटनी के एनकेजे पकरिया से प्रयागराज माघ मेले में गंगा स्नान के लिए जा रही ट्रैक्स क्रूजर एम 20 जेड वाय 2807 आगे चल रहे कंटेनर से पीछे से जा टकराई। टक्कर



इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में वाहन चालक और एक अज्ञात व्यक्ति सहित चार लोग शामिल हैं। एक महिला की मौत कटनी ले जाते समय और एक की जबलपुर में इलाज के दौरान हुई। थाना प्रभारी रेनू मिश्रा और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल 12 घायलों का इलाज मैहर और जिला अस्पताल में जारी है। घटना के बाद कंटेनर चालक फरार हो गया।

---

## कांग्रेस सेवादल ने मनाया 'दल दिवस', समरसता भोज का आयोजन

**मैहर।** कांग्रेस सेवादल द्वारा 25 से 31 दिसंबर तक मनाये जा रहे 'दल दिवस सप्ताह' के पांचवें दिन वार्ड क्रमांक 18,घुरपुरा में समरसता भोज आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई और अरुण तनय मिश्र के नेतृत्व में मोहल्ले से भोजन संग्रह कर सामूहिक भोज कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति,नगर अध्यक्ष मुकेश सेन और पूर्व पार्षद राजन चौधरी सहित भारी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

---

## सतना में 'कोल्ड टॉर्चर': 5.2 डिग्री तक लुढ़का पारा, कड़ाके की ठंड ने थामी रफ्तार



**सतना।** विंध्य क्षेत्र में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। सतना जिले में शीतलहर के प्रभाव से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है,जिसने इस सीजन की सबसे ठंडी रात का अहसास कराया है।

### तापमान का गणित और ठिठुरन

मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार,शहर का अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी नीचे गिरकर 5.2 डिग्री पर आ गया है। दिन और रात के तापमान में आए इस बड़े अंतर के कारण शाम ढलते ही ठिठुरन और बढ़ जाती है।

### नमी और कोहरे का असर

हवा में नमी का स्तर अधिकतम 94% और न्यूनतम 47% रहा। सुबह के समय भारी नमी के कारण विजिबिलिटी भी प्रभावित हो रही है,जिससे सड़क यातायात पर असर पड़ा है। सुबह देर तक कोहरे की चादर छाई रहने से लोग घरों में ही दुबके नजर आए।

### जनजीवन पर प्रभाव अलाव का सहारा

ग्रामीण और शहरी इलाकों में लोग जगह-जगह अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। शाम होते ही बाजारों में चहल-पहल कम हो जाती है और लोग जल्द ही घर लौटना पसंद कर रहे हैं। डॉक्टरों ने बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।आगामी दिनों में यदि हवा की दिशा उत्तर की ओर बनी रहती है,तो तापमान में और भी गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है।

---

# मैहर में टमाटर मंडी के पास ट्रक ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## नशे की हालत में वाहन से गिरकर घायल होने की आशंका

**सतना।** रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-30 पर स्थित टमाटर मंडी के पास एक ट्रक ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, ओढ़की टोल प्लाजा के पास ट्रक क्रमांक MP ZL 2022 के चालक की संदिग्ध हालत में पड़े होने की खबर डायल-112 को मिली थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,रामपुर बघेलान पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मोबाइल के जरिए हुई शिनाख्त

पुलिस को तलाशी के दौरान मृतक के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ,जिसके आधार पर परिजनों से संपर्क किया गया।सूचना पाकर मृतक के बहनोई महेश सिंह लोधी निवासी धवारी मोहल्ला सतना अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतक की पहचान अपने साले अजय लोधी (38 वर्ष),पिता रामेश्वर प्रसाद लोधी,निवासी सागर वार्ड क्रमांक-2,थाना केंट के रूप में की।

### शराब के नशे में गिरने से लगी चोट

जांच अधिकारी एसआई एल.पी.वर्मा के मुताबिक,प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक शराब पीने का आदी था। खबरों के मुताबिक बीती रात चालक ने कुछ लोगों के साथ शराब पी थी। अत्यधिक नशे की हालत में जब वह गाड़ी से नीचे उतर रहा था,तभी वह मुंह के बल जमीन पर गिर पड़ा। गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं,जो उसकी मृत्यु का कारण बनीं।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। विवेचना अधिकारी का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

## वैश्य महासम्मेलन ने किया विभिन्न तहसीलों का दौरा, कैलेंडर का विमोचन

**सतना।** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई सतना द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए सोमवार को विशेष 'प्रवास कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत जिला पदाधिकारियों ने मझगवां,कोठी,जैतवारा,कोटर एवं बिरसिंहपुर तहसीलों का व्यापक दौरा किया।

### नववर्ष कैलेंडर का विमोचन और सदस्यता पर जोर

प्रवास के दौरान सभी तहसीलों में नववर्ष के कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर गहन और सकारात्मक चर्चा हुई। जिला पदाधिकारियों ने वैश्य समाज के बंधुओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़ें। सदस्यता अभियान को गति देने और सामाजिक एकता को सशक्त बनाने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी को अनिवार्य बताया गया। कैलेंडर विमोचन और प्रवास कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे,मीडिया प्रभारी महेश ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पदाधिकारियों का यह प्रवास संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान तहसील स्तर पर वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा की गई और भविष्य की कार्ययोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई।

---

## उदयपुर माध्यमिक शाला में एफएलएन मेले का सफल आयोजन

**मैहर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में कक्षा 1 और 2 के बच्चों के लिए एफएलएन मेले के दूसरे चरण का आयोजन किया गया।इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों का अर्धवार्षिक शैक्षणिक आंकलन करना था। मैहर डायट प्रभारी आशुतोष द्विवेदी और बीएसी रामनरेश कुशवाहा ने कार्यक्रम का अवलोकन किया।बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं ने भी मेले में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन में चावल,सब्जी और खीर का विशेष वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक प्रकाश बाबू नामदेव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### मुकुंदपुर जू में नव वर्ष का विशेष प्रबंधः बुधवार का अवकाश निरस्त,खुलेंगे 8 टिकट काउंटर

**सतना।** वर्ष 2026 के स्वागत के लिए महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू पूरी तरह तैयार है। पर्यटकों की भारी भीड़ के अनुमान को देखते हुए प्रबंधन ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को साप्ताहिक अवकाश (बुधवार) होने के बावजूद जू को खुला रखने का निर्णय लिया है। टिकट के लिए 8 काउंटर और वाहनों के लिए 4 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। रीवा और मैहर वनमंडल के अतिरिक्त कर्मचारी,पुलिस बल और फायर ब्रिगेड तैनात रहेगी। नशीले पदार्थ,हथियार और बाहरी खाद्य सामग्री ले जाना प्रतिबंधित है। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन पर 3 से 7 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### नव वर्ष पर एक दिवसीय मेले की तैयारियां प्रगति पर



पवई। पन्ना जिले के पवई के सिद्ध स्थल हनुमान भाटे मां कलेही देवी मंदिर में नव वर्ष पर एक जनवरी को एक दिवसीय मेला लगता है,जिसमें लाखों लोग शामिल होते हैं,जिसकी व्यवस्थाओं के लिए राजस्व, नगर परिषद,सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सोमवार की देर शाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना वंदना सिंह चौहान ने हनुमान भाटे पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, एवं एस डी एम समीक्षा जैन थाना प्रभारी त्रिवेद्र त्रिवेदी एवं नगर परिषद से आशीष पटेल ने भी यातायात व्यवस्था पार्किंग स्थल सहित समूचे मेला क्षेत्र निरीक्षण किया गया साथ ही पुलिस बल की तैनाती की रूप रेखा बनाई। यातायात व्यवस्था और मार्ग परिवर्तन को लेकर थाना प्रभारी अरविंद त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिमरिया मोहन्द्रा से पवई आने वाले लोगों को सिमरिया अमानगंज मार्ग से आना होगा वहीं कटनी से दमोह सिमरिया जाने वाले लोग अमानगंज होते हुए सिमरिया से जाएंगे। पवई मोहंद्रा मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके अलावा उन्होंने सभी नगर एवं क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देते हुए यह अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं,यातायात नियमों का पालन करें,नाबालिक बच्चों को वाहन न दें और हेलमेट लगाकर ही दो पहिया वाहन चलाएं।

### पन्ना जिले में कोहरे और सर्दी का सितम, विजिबिलिटी न के बराबर

पवई। देश प्रदेश के साथ-साथ पन्ना जिले में भी सर्दी और कोहरे का सितम जारी है। नगर सहित पूरे क्षेत्र में भीषण सर्दी का प्रकोप और कोहरा देखा जा रहा है,जिसकी वजह से होने वाली ठिठुरन से लोग अपने-अपने घरों में रहने के लिए मजबूर है।वही जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग भी अलाव में आग सेकते हुए अपने आप को सर्दी से बचाते हुए नजर आ रहे हैं। विजिबिलिटी की बात करें तो लगातार कम होने की वजह से वाहन हेडलाइट और इंडिकेटर का प्रयोग करते हुए चल रहे हैं। नगर सहित क्षेत्र में इस हफ्ते तापमान न्यूनतम 7 डिग्री और अधिकतम 25 डिग्री तक होने की संभावना बताई जा रही है।

### प्रदेशभर में सहयोग, संगठन और सामाजिक सुरक्षा का सशक्त माध्यम बना वैश्य महासम्मेलन

# मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर-2026 का देवेंद्रनगर में भव्य विमोचन





**पन्ना।** मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का विधिवत विमोचन कार्यक्रम देवेंद्रनगर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष श्री मनोज केशरवानी रहे। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, तहसील व नगर इकाइयों के प्रतिनिधि, महिला मंडल तथा समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी रामहित साहू, कैलाश सोनी, गोपाल बरसैंया, सुनील सेठ एवं जिला महामंत्री विनोद गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष डॉ. प्रमोद जैन, महिला मंडल की तहसील अध्यक्ष श्रीमती पारुल जैन, संरक्षक सदस्य श्री लखनलाल अग्रवाल एवं निर्मलचंद जैन, मनीष अग्रवाल, नीतिल जैन, प्रमोद अग्रवाल, सुरेन्द्र सोनी, ऋषि सोनी तथा नवयुवक मंडल के नगर अध्यक्ष पुनीत जायसवाल (निक्की) की सक्रिय उपस्थिति रही। मातृशक्ति की ओर से श्रीमती नीलू गुप्ता, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल एवं श्रीमती रानी गुप्ता ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मनोज केशरवानी ने अपने उद्बोधन में कहा - मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन केवल नाम का संगठन नहीं, बल्कि वह विश्वास है जो हर वैश्य परिवार को संकट की घड़ी में संबल देता है। यह संगठन दूरी, पहचान और परिचय की सीमाओं से ऊपर उठकर सेवा और सहयोग का सशक्त माध्यम बना है।"

श्रीमती पारुल जैन ने अपने वक्तव्य में कहा- मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन का वार्षिक कैलेंडर केवल तारीख, दिन या त्योहार देखने का साधन नहीं है, बल्कि यह प्रदेशभर में फैले वैश्य समाज के संपर्कों और रिश्तों को मजबूत करने का एक बड़ा सहारा है। आवश्यकता के समय यही कैलेंडर सहयोग, मार्गदर्शन और अपनत्व की सबसे विश्वसनीय कड़ी बनता है।" श्री रामहित साहू ने कहा-"इस संगठन की सबसे बड़ी ताकत यह है कि यहाँ रिश्ते स्वार्थ से नहीं, बल्कि संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी से बनते हैं।" श्री कैलाश सोनी ने कहा-"आज जब समाज बिखराव के दौर से गुजर रहा है, वैश्य महासम्मेलन संगठित रहकर आगे बढ़ने और एक-दूसरे का सहारा बनने की प्रेरणा देता है।"श्री गोपाल बरसैंया ने कहा-"हमारा उद्देश्य केवल समस्याओं पर चर्चा करना नहीं, बल्कि संगठित प्रयासों से समाधान तक पहुँचना है।"श्री सुनील सेठ ने अपने वक्तव्य में कहा-"सेवा, सहयोग और समर्पण- यही मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन की असली पहचान है।"श्री विनोद गुप्ता ने कहा-"मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि संगठन केवल औपचारिक ढाँचे तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा और सहयोग के रूप में समाज के बीच सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। हर परिस्थिति में समाज के साथ खड़ा रहना ही इसकी वास्तविक शक्ति है।"डॉ. प्रमोद जैन ने कहा- "मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन का उद्देश्य केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की वास्तविक पहुँच सुनिश्चित करना है। यह संगठन हर परिस्थिति में वैश्य समाज के साथ खड़ा रहने का भरोसा देता है।"

**कैलेंडर नहीं, पूरे प्रदेश का पारिवारिक नेटवर्क**

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन का वार्षिक कैलेंडर केवल दिन-तारीख देखने का साधन नहीं, बल्कि इसमें प्रदेश के सभी जिला, तहसील एवं नगर इकाइयों के पदाधिकारियों के संपर्क विवरण उपलब्ध रहते हैं। संगठन से जुड़ते ही व्यक्ति का सामाजिक दायरा पूरे मध्यप्रदेश में विस्तृत हो जाता है। प्रदेश के किसी भी कोने में किसी भी वैश्य बंधु को आवश्यकता पड़ने पर, बिना किसी पूर्व परिचय के, समाजजन सहयोग के लिए आगे आ जाते हैं यही संगठन की वास्तविक सामाजिक पूंजी है। संगठन का उद्देश्य कुरीतियों का उन्मूलन करते हुए, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार को सशक्त बनाना तथा राजनीतिक व सामाजिक मंचों पर समाज की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करना है, ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के अधिकार भी सुरक्षित रह सकें।

# नप अध्यक्ष सारिका शारदा खटीक ने प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**अमानगंज।** नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक द्वारा आज अमानगंज नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बस स्टैंड, साप्ताहिक कचरा संग्रहण केंद्र, सामुदायिक शौचालय, खेल स्टेडियम, साप्ताहिक बाज़ार, रेस्ट हाउस एवं मुख्य मार्ग शामिल रहे।निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को नगर में पाई गई समस्याओं के तत्काल समाधान, स्वच्छता व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा यातायात सुधार हेतु निर्देश दिए गए। साप्ताहिक मंगलवार बाज़ार के निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से दुकान लगाने, साफ-सफाई बनाए रखने एवं अव्यवस्था न फैलाने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अमानगंज नगर में नगरीय समस्याओं के समाधान हेतु किए गए निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक ने निम्न कार्यों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों की बाउंड्री वॉल पर आकर्षक बॉल पेंटिंग कर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर स्वरूप देने के निर्देश दिये। सप्ताहिया कचरा संग्रहण केंद्र के उपयंत्रों एवं मशीनों के सुचारू संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया।मंगलवार साप्ताहिक बाजार में जाम की स्थिति रोकने हेतु दुकानदारों से व्यवस्थित दुकान लगाने, सफाई रखने और पुलिस बल की मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।मुख्य सड़क मरम्मत कार्य को शीघ्र आरंभ कराने हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग से दूरभाष पर चर्चा और कार्य में गति लाने का आग्रह। सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई और देखरेख के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए। सुरक्षा एवं अनुशासन हेतु पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी, इंजीनियर सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमानगंज के महेवा सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में होगा प्रदेश व्यापी आंदोलन

### किसान संघ की प्रांत बैठक में सीमेंट कंपनी द्वारा किसानों के शोषण का मुद्दा उठा



**अमानगंज।** भारतीय किसान संघ महाकोशल प्रान्त की प्रान्त बैठक दमोह में दो दिवसीय बैठक दमोह में सम्पन्न हुई। जिसमे 24जिले प्रान्त के अध्यक्ष व मंत्री शामिल हुये। जिसमे पन्ना से जिला अध्यक्ष रामकृपाल पटेल, जिला मंत्री लोकेन्द्र सिंह बुन्देला, पन्ना जिले सहित अमानगंज क्षेत्र के किसानो की समस्या को लेकर प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया। जिसमे मुख्य रूप से अमानगंज क्षेत्र के महेबा में लगने वाले इको सीमेंट प्लांट के संदर्भ में सीमेंट कंपनी द्वारा किसानो दिए गए नोटिस व 4लाख प्रति एकर की चेक जो एक कंपनी का किसानों के साथ बड़ा छलावा है। जबकि इस रेट पर पुरे भारत मै कहीं भी ज़मीन नहीं मिलेगी। विशेष चर्चा में प्रान्त महामंत्री प्रहलाद पटेल व जिला मंत्री लोकेन्द्र बुन्देला पन्ना से प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्र संगठन मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने अस्वासन दिया कि मासिक बैठक में सीएम मोहन यादव के पास विषय रखा जायेगा। जल्द पन्ना में हम प्रबास करेंगे उन्होंने साफ तौर पर कहा सरकार नहीं सुनती तो महेबा क्षेत्र के किसान जिले में बड़ा प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे। जिसमें प्रान्त व प्रदेश के पदाधिकारी शामिल होंगे।




### जनसुनवाई में हुई 30 आवेदनों पर कार्यवाही

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 30 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कलेक्टर ऊषा परमार एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

# श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर में 41 वर्षों से प्रतिवर्ष हो रहा है पाठ पारायण



**पन्ना।** नगर के पास स्थित पहाड़ियों के बीच प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर में विगत 25 दिसंबर को पालकी एवं कलश यात्रा के साथ 151 पाठ परायण का आगाज हुआ था एवं 26 दिसंबर से विधिवत पाठ पूजन, आरती के उपरांत 151 ब्रह्मा मुनियों द्वारा महामति श्री प्राणनाथ जी की वाणी का वाचन प्रारंभ हुआ जो सतत 31 दिसंबर तक किया जाएगा। 1 जनवरी 2026 को पूर्णाहुती एवं भंडारा के साथ यह धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा। इस पावन तपोस्थली में आयोजित इस धार्मिक पारायण महायज्ञ के दर्शन करने और परिक्रमा लगाने प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचते हैं। इसके अलावा देश के कई राज्यों से प्रणामी धर्म के अनुयाई पन्ना आए हुए हैं और तन मन धन से अपनी सहभागिता कर धर्म लाभ ले रहे हैं। पाठ पारायण के दर्शन करने पहुंचे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि ऐतिहासिक पौराणिक किलकिला नदी के शुद्धिकरण के लिए शासन प्रशासन स्तर पर कार्रवाई चल रही है जो धरातल पर शीघ्र दिखाई देगा। इनके अलावा पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडे सहित जन प्रतिनिधियों पहुंचकर धर्म लाभ लिया।

**400 वर्ष पुरानी चमत्कारिक जल संरचनाएं**

श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि ऐसा मनोरम स्थल जहां पहुंचने से ही आत्म शांति का एहसास होता है। लोगों में आस्था है कि मंदिर में मांगी गई मुरादे भी पूरी होती हैं। मंदिर के समीप स्थित गंगा, जमुना एवं केशव कुंड श्रद्धालुओं को खासा आकर्षित करते हैं। जमुना जी का कंचन जल श्रद्धालु चरणामृत की तरह आचमन करते हैं। इस जल की विशेषता बताई जाती है कि इसका पानी कभी खराब नहीं होता और कई असाध्याय रोगों को भी ठीक करने की क्षमता रखता है। देश विदेश से आए श्रद्धालु सुंदर साथ इस जल को अपने साथ ले जाते हैं। बताया जाता है कि जब महामती श्री प्राणनाथ जी को महाराजा छत्रसाल यहां पालकी में बिठाकर लाए थे तो उनके साथ 5 हजार श्रद्धालु सुंदर साथ भी थे जिनके लिए इन जल संरचनओं का उदय 400 वर्ष पूर्व महामती जी के आदेश से हुआ था जो आज भी जीवंत हैं और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

# आम आदमी पार्टी ने भरी हुंकार, मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान के तहत विशाल धरना प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** आम आदमी पार्टी (आप) की जिला इकाई पन्ना द्वारा आज श्मध्य प्रदेश जोड़ो अभियानश के अंतर्गत एक विशाल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अंजली यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश की वर्तमान स्थिति और जनहित के मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सह-सचिव, तमिलनाडु प्रदेश प्रभारी एवं मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्मध्य प्रदेश जोड़ो अभियानश का उद्देश्य राज्य के हर नागरिक को न्याय दिलाना और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट करना है। पन्ना जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से आम आदमी पार्टी के लगभग 300 से अधिक क्रांतिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कड़ाके की ठंड के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। गगनभेदी नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं और प्रदेश सरकार की विफलताओं के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

**कलेक्टर को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन**

धरना प्रदर्शन के पश्चात जिला अध्यक्ष अंजली यादव और मुख्य अतिथि पंकज सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने जिले की मूलभूत समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के मुद्दों को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगें- पन्ना जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण। किसानों को खाद और बीज की समय पर उपलब्धता। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना। कार्यक्रम के अंत में अंजली यादव ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पन्ना के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रहेगी। इस अवसर पर जिले के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी उपस्थित रही।

# बार-बार की जा रही झूठी शिकायतों से आहत सरपंच ने रखा विकास कार्यों का पूरा लेखा-जोखा

### ग्राम पंचायत दिया में कराए गए सभी कार्य मौके पर मौजूद, जांच से नहीं डरता - सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी





**पन्ना।** ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी ने उनके विरुद्ध लगातार की जा रही शिकायतों को राजनीतिक दुर्भावना और साजिश बताते हुए कहा कि बीते कई वर्षों से कुछ लोग हर दो-चार महीने में कलेक्टर महोदय, जिला सीईओ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी शिकायत करते आ रहे हैं। पूर्व में भी जनपद पंचायत में आदरणीय कोरी सर एवं जिला पंचायत में आदरणीय श्री संघ प्रिय सर के कार्यकाल के दौरान ऐसी शिकायतें की जा चुकी हैं, जिनमें कोई ठोस तथ्य नहीं पाया गया। सरपंच ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे गारंटी के साथ कहते हैं कि उनके कार्यकाल में कराए गए सभी विकास कार्य जमीन पर मौजूद हैं और काम से पहले तथा काम के बाद की फोटोग्राफ्स उपलब्ध हैं। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं मौके पर आकर निरीक्षण करें। उन्होंने बताया कि पंचायत भवन पहले जंगल के बीच स्थित था, जहां बेशर्म घास और कीचड़ के कारण पूरा गांव शौच के लिए उस स्थान का उपयोग करता था। पंचायत भवन दलदली जमीन में होने के कारण धंस चुका था। उनके द्वारा 2,35,000 की राशि से पंचायत भवन का पूर्ण रिनोवेशन, फेंसिंग, गेट निर्माण एवं टाइल्स लगाकर भवन को आज बैठने और उपयोग योग्य बनाया गया। पहले जहां कोई प्रवेश करने को तैयार नहीं था, आज वही भवन सुंदर और सुरक्षित स्थिति में है। वृक्षारोपण को लेकर हो रही शिकायतों पर सरपंच ने कहा कि लगाए गए पौधे आज 15-15 फीट ऊंचे पेड़ बन चुके हैं, जिन्हें उन्होंने स्वयं लगवाया, सिंचाई करवाई और मजदूरों से देखरेख कराई। पंचायत भवन के सामने बनाए गए परकुलेशन टैंक, तथा पंचायत भवन के आगे-पीछे पूरे क्षेत्र में मिट्टी भराव कर जलभराव की समस्या को समाप्त किया गया। पहले कई तस्वीरों में पंचायत भवन डूबा हुआ दिखाई देता था, जिसे भराव कर आज रहने लायक बनाया गया है। हरिजन बस्ती में सीसी पुलिया एवं नाली निर्माण कार्य स्टीमेट के अनुसार मौके पर मौजूद है। खेल मैदान को लेकर की जा रही शिकायतों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि काम के समय की फोटो, कार्य के दौरान की फोटो और वर्तमान स्थिति सब प्रमाण के रूप में उपलब्ध हैं। हाल ही में उसी मैदान में बड़े स्तर का टूर्नामेंट भी आयोजित कराया गया है। पंचायत भवन के रपटा निर्माण में 5,00,000 की राशि निकाले जाने के आरोप पर सरपंच ने कहा कि यह राशि मर्ज राशि है, जिसका स्पष्ट उल्लेख बिल में है। कार्य का नाम "नवीन तालाब मडफा हार" है, जो नरेगा एवं 15वें वित्त से संयुक्त रूप से जुड़ा हुआ है। इस राशि को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि "बेस्ट वियर" कार्य स्टीमेट से कम नहीं बल्कि एक फिट अधिक गुणवत्ता के साथ कराया गया है। भुराने बाबा सेड निर्माण का पैसा एवं फोटो पहले ही अधिकारियों को भेजे जा चुके हैं। विधायक निधि से बना सेड अलग है और स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। हीरा सागर तालाब में कार्य अभी जारी है, जिसमें लगभग 1.5 से 2 लाख की राशि निकलना बाकी है। इसके बावजूद जुलाई माह की स्थिति में ही शिकायतकर्ताओं द्वारा तालाब का पूरा पानी सिंचाई में उपयोग कर लिया गया और अब शिकायत की जा रही है। सरपंच ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता रमाकांत ने शासकीय सामुदायिक भवन में ताला लगा रखा है, जिसकी शिकायत वे पहले भी कर चुके हैं। आज भी उसी व्यक्ति के पास भवन की चाबी है। उन्होंने यह भी गंभीर आरोप लगाए कि वर्ष 2007 से 2014 के बीच, जब क्षत्रपाल सरपंच थे, उस दौरान भारतीय सेना के सेवानिवृत्त कर्मचारी, शिक्षक और प्रोफेसर जैसे शासकीय कर्मचारियों के नाम से मनरेगा मजदूरी निकाली गई। इनमें लक्ष्मेंद्र, उनकी बहन सरला (शिक्षिका), भाई रमाकांत (प्रोफेसर) एवं पिता लक्ष्मण सिंह के नाम शामिल हैं। इन सभी के मस्टर रोल और प्रमाण उनके पास मौजूद हैं, जिन्हें वे जांच के समय प्रस्तुत करेंगे। सरपंच ने कहा कि उनके कार्यकाल में जो भी कार्य हुए हैं, वे पूरी ईमानदारी से कराए गए हैं। 2-3 वर्ष पुराने कार्यों में यदि कहीं मिट्टी भर गई हो या जंगली घास उग आई हो तो स्वाभाविक है, लेकिन कार्य जमीन पर मौजूद है। वर्ष 2021दृ22 की एक नाली उनके कार्यकाल की नहीं है, जिसका भुगतान पूर्व में हो चुका था और वह नाली मौके पर नहीं बनी। इसी मामले में 5 नवंबर को तत्कालीन सचिव राजेश विश्वकर्मा को निलंबित किया गया, तथा रिकवरी की कार्रवाई जारी है।

### इनका कहना है-

सरपंच श्री लोधी ने कहा कि वे लगातार झूठी शिकायतों के कारण मानसिक रूप से अत्यंत परेशान हैं, लेकिन सत्य और ईमानदारी पर उन्हें पूरा भरोसा है। "मैं जांच से नहीं डरता। मेरे समय का एक-एक पैसा जमीन पर मिलेगा। यह सब मुझे बदनाम करने की साजिश है, क्योंकि शिकायतकर्ता चुनाव में हारे हुए प्रत्याशी हैं।

**श्री राम शिरोमणि सिंह लोधी, दिया सरपंच**

## खबर संक्षेप



### राजश्री पान मसाला व्यापारी के घर जीएसटी का छापा, गोदाम व दुकानें सील

छतरपुर। शहर के नरसिंहगढ़ पुरवा क्षेत्र में जीएसटी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजश्री गुटखा-पान मसाला के थोक व्यापारी कृष्णा अग्रवाल के आवास पर छापा मारा। सतना से पहुंची छह सदस्यीय जीएसटी टीम ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई की पुष्टि सतना के असिस्टेंट कमिश्नर नवीन दुबे ने की। उन्होंने बताया कि छापे के दौरान खरीद-बिक्री से संबंधित बिलों और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। व्यापारी से जुड़े विभिन्न गोदामों तथा दुकानों को फिलहाल सील कर दिया गया है। असिस्टेंट कमिश्नर के अनुसार सोमवार को बाजार बंद होने के कारण सभी संबंधित प्रतिष्ठानों को सील किया गया है। इनकी विस्तृत जांच बाद में की जाएगी। यह कार्रवाई पान मसाला कारोबार में संभावित अनियमितताओं के मद्देनजर की गई है। विभाग द्वारा आगे की जांच पूरी होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नौगांव मेला, झूला ठेके को लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



**नौगांव।** नगर के प्रतिष्ठित 70वां मेला महोत्सव शुभारंभ से पहले ही गंभीर विवादों में घिर गया है। मेला ग्राउंड में झूलों के ठेके को लेकर बिना ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाए ऑफलाइन ठेका दिए जाने के आरोप लगे हैं, जिससे लाखों रुपये के भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है। मामले की शिकायत छतरपुर कलेक्टर एवं नौगांव एसडीएम से गए है। सूत्रों के अनुसार मेला महोत्सव के लिए सिंडिकेट बनाकर झूलों का ठेका दिया गया, जबकि शासन के नियमों के अनुसार इस तरह की प्रक्रिया ऑनलाइन निविदा के माध्यम से होना अनिवार्य है। आरोप है कि इस प्रक्रिया को दरकिनार कर नगर पालिका को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। जब इस पूरे मामले को लेकर मीडिया में खबरें प्रकाशित हुईं, तब प्रशासन ने नगर पालिका परिषद के सामने बैठक आयोजित की। हालांकि यह बैठक पूरी तरह बेसर और औपचारिकता तक सीमित रही। न तो किसी ठोस निर्णय की घोषणा हुई और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई। नगर के लोग नगरपालिका सीएमओ, नगर पालिका अध्यक्ष की भूमिका पर भी सवाल उठाने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों अधिकारी पूरे मामले में मौन साधे हुए नजर आ रहे हैं, जिससे संदेह और गहराता जा रहा है।

**जनता की जेब पर डाका डालने की तैयारी?** - मेला देखने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। लेकिन इस बार पूरे मेला ग्राउंड में सिंडिकेट के माध्यम से झूलों का जाल बिछा दिया गया है, जहां एक झूले की सवारी की कीमत 70 से 100 तक रखी जा सकती है। आम जनता का आरोप है कि यह सीधा-सीधा उनकी जेब पर डाका डालने जैसा है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में तत्कालीन सीएमओ वसंत चतुर्वेदी द्वारा पूरे मेला प्रांगण को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया था। अब एक बार फिर मीडिया की खबरों के बाद प्रशासन ने नगर पालिका को सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### आवास के नाम पर रोजगार सहायक पर पैसे मांगने का आरोप, कलेक्टर से की शिकायत



छतरपुर। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में एक युवक ने ग्राम पंचायत रोजगार सहायक पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर अवैध रूप से पैसे मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित रामसेवक, निवासी ग्राम पंचायत पिपट ने शिकायत में बताया कि पंचायत रोजगार सहायक द्वारा आवास सूची से उसका नाम जानबूझकर हटा दिया गया। आरोप है कि रोजगार सहायक ने उससे आवास दिलाने के बदले पैसे मांगे थे, लेकिन राशि न देने पर सर्वे सूची से नाम काट दिया गया। रामसेवक का कहना है कि उसकी पत्नी नेहा पटेल के नाम पर पहले आवास सूची में नाम दर्ज था, लेकिन बाद में उसे हटा दिया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि जिन लोगों के पास पहले से मकान और संपत्ति है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है, जबकि वास्तविक पात्र हितग्राहियों को वंचित किया जा रहा है।

# जमीनी विवाद को लेकर युवक की गोलीमार कर हत्या

### अस्पताल में सीएसपी एवं परिजनों के बीच हुई झड़प, 10 के विरूद्व मामला दर्ज, 4 हिरासत में



छतरपुर।

जिलें में जमीनी विवादों के चलते आये दिन खूनी संघर्ष हो रहें है। जमीनी विवाद के चलते ही पिपट थाना अंतर्गत लखनगुवां गांव में गोली मार कर एक युवक की हत्या किए जाने का मामला अभी पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ था। कि सोमवार की शाम को थाना राजनगर अंतर्गत ग्राम कोटा में जमीनी विवाद के चलते ही संतोष पटेल पुत्र हरिराम पटेल उम्र 30 बर्ष को गोली मार दी गई।

घटना के समय वह अपने परिजनों के साथ दरवाजे पर खड़ा हुआ था। घायल अवस्था में परिजन बाईक के माध्यम से उसे जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से आक्रोषित परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए मृतक के शव को जिला अस्पताल के गेट के बाहर रखकर प्रदर्शन किया। जिससे कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। इसी बीच सीएसपी अरूण कुमार सोनी ने मृतक के परिजनों से शव पोस्टमार्टम रूम में ले जाने को कहा, लेकिन परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए शव को पोस्टमार्टम रूम में ले जाने के लिए तैयार नही हुए। जिस पर सीएसपी अरूण सोनी ने परिजनों के साथ शख्ती दिखाई, तभी पुलिस और परिजनों के बीच झूमाझपटी भी हो गई। हालात बिगडऩे से पहले भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और काफी समझाइस के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम कक्ष के मरचुरी में रखवाया गया। थाना राजनगर पुलिस ने इस पूरे मामले में 10 आरोपियों के विरूद्व मामला पंजीबद्व किया और 4 लोगों को हिरासत में भी ले लिया गया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 8 टीमें गठित की है और 10 हजार का ईनाम भी घोषित किया है।

### भारी पुलिस बल के बीच मृतक का हुआ अंतिम संस्कार

घटना के बाद से ही ग्राम कोटा में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था और दोपहर में पीएम के बाद मृतक संतोष पटेल के शव को ग्राम कोटा ले जाया गया। जहां भारी गंभीर माहौल में उसका अंतिम सस्कांर किया गया। इस दौरान खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल, राजनगर थाना प्रभारी परशुराम डाबर और कई थानों की पुलिस मौजूद रही। मृतक के परिजनों का आरोप है कि एक माह पहले भी आरोपीगणों ने उनके घर के सामने फायरिंग की थी जिस पर कई आरोपियों के विरूद्व मामला पंजीबद्व किया गया था और इस मामले में आरोपी जेल भी भेजे गए थे। मृतक के परिजनों का आरोप है कि एक आरोपी जेल से छूटा है, और उसी के द्वारा गोली मारकर हत्या करने की घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि इस बात की पुष्टि राजनगर थाना प्रभारी परशुराम डाबर द्वारा नही की गई है।

### पनौठा रोड़ में मिले 2 व्यक्तियों के शव दुर्घटना की आशंका

थाना ईशानगर के अंतर्गत पनौठा और जनकपुर के बीच सोमवार की रात 8 बजे दो युवकों के शव मिले है। मृतकों की पहचान गहरवार निवासी राजेन्द्र यादव उम्र 19 वर्ष और संतोष अुनरागी उम्र 18 बर्ष के रूप में की गई है। जैसे ही पुलिस को इस बात की जानकारी मिली की पनौठा और जनकपुर के बीच दो युवकों के शव पड़े हुए है, तो तभी तुरंत थाना ईशानगर प्रभारी मनोज गोयल पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं पराचौकी पर तैनात डायल 112 भी घटना स्थल पर पहुंची। पहले इस मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही थी लेकिन ईशानगर थाना प्रभारी मनोज गोयल ने बताया कि घटना स्थल पर फारेंसिक टीम ने भी जांच की है। और पोस्टमार्टम के दौरान भी कहीं भी गन शॉट के प्रमाण नही मिले है। दोनों युवकों की मृत्यु एक्सीडेन्टल है। दोनो के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है, और मामले की जांच की जा रही है। आखिर किस वाहन ने दुर्घटना करके दोनों को मौत के घाट उतरा। वहीं यह भी चर्चा है कि घटनास्थल के पास एक देशी कट्टा और डीलक्स कंपनी की मोटर साईकिल एमपी 16 एस 3388 पड़ी मिली है ईशानगर थाना प्रभारी मनोज गोयल का कहना है कि यह हत्या नहीं सड़क हादसा है जिससे दोनो की मौत हुई है और सभी पहलुओं पर जांच हो चुकी है।



## कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने हेतु एनसीएल ने की सराहनीय पहल

### सीएसआर अंतर्गत चितरंगी, बरगवा एवं आसपास के क्षेत्रों में किया कंबल वितरण

**एनसीएल** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने अपनी निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत सिंगरौली एवं सोनभद्र क्षेत्र में शीतलहर के बीच गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों में लगातार कंबल वितरण का कार्य कर रही है। इस क्रम में कंपनी ने सोमवार को दार पंचायत, चितरंगी जो कि एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, में 200 कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर सीधी-सिंगरौली के माननीय सांसद डा. राजेश मिश्रा, माननीया राज्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं चितरंगी विधायक, राधा सिंह, पंचायत प्रतिनिधिगण तथा एनसीएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) राजीव रंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसी प्रकार, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं माननीय देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम की गरिमामयी उपस्थिति में बरगवा के अम्बेडकर वार्ड एवं तिलक वार्ड (नगर परिषद) में भी 200 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधिगणों ने एनसीएल की इस मानवीय पहल की प्रशंसा की तथा इसे स्थानीय समाज के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। गौरतलब है कि एनसीएल ने इन कंबलों की खरीद खादी ग्रामोद्योग से की है, जिससे न केवल जरूरतमंदों को ठंड से बचाव सुनिश्चित हो रहा है, अपितु स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा भी मिल रहा है ।

### बागेश्वर धाम की रसोई में 1 साल में 50 लाख लोगों ने पाया भोजन प्रसाद

# साधना और परमार्थ के लिए समर्पित रहा 2025

छतरपुर।



करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बन चुके बागेश्वर धाम में वर्ष भर सामाजिक और धार्मिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियां संचालित होती है। चालू वर्ष 2025 भी साधना और परमार्थ के लिए समर्पित रहा। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में बालाजी की कृपा से जनकल्याण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। अंग्रेजी वर्ष 2025 समाप्त हो रहा है। इस 1 वर्ष में जहां धाम की गौशाला 5 हजार पौधे रोपे गए वहीं धाम की अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से 50 लाख लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया।

### 108 आदिवासी बेटियों सहित 251 बेटियों का घर बसाया

अंग्रेजी नव वर्ष के प्रारंभ होते ही बागेश्वर धाम में विगत वर्षों की भांति 2025 में भी धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गई। शुरुआत में ही शिवरात्रि के पावन पर्व पर 108 आदिवासी बेटियों सहित 251 बेटियों को परिणय सूत्र में बांधा गया। इस अवसर पर देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू ने बागेश्वर धाम आकर न केवल बेटियों को आशीर्वाद दिया बल्कि अपनी ओर से उपहार भी भेंट किये।

### 23 फरवरी को प्रधानमंत्री ने राखी कैंसर अस्पताल के आधारशिला

अस्पतालों में मंदिर देखने के लिए तो अक्सर मिल जाते हैं लेकिन मंदिर में अस्पताल देखने का अवसर सिर्फ बागेश्वर धाम में मिलेगा। आग की तरह फैल रही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज दिलाने के लिए बागेश्वर सरकार के मन में प्रेरणा हुई जिससे दीन दुखियों की मदद के लिए उन्होंने कैंसर अस्पताल बनाने की घोषणा कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 फरवरी 25 को कन्या विवाह महा महोत्सव के अवसर पर आकर कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी। अस्पताल निर्माण परमार्थ के कार्यों के लिए नींव का पत्थर बनेगा।

बागेश्वर महाराज हमेशा दीन दुखियों की मदद के लिए चिंतित रहते हैं। लाखों लोग ऐसे हैं जो आर्थिक तंगी के कारण किराया लगाकर बागेश्वर धाम नहीं पहुंच सकते। ऐसे लोगों को बालाजी के आसानी से दर्शन हो सकें इसलिए मुंबई के भिवंडी में बालाजी सनातन मठ की स्थापना कराई गई। समाजसेवी रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने भिवंडी में बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा करते हुए वहां के लोगों के लिए बालाजी के दर्शन सुलभ कराए। महाराज श्री हर महीने इस मठ में दो-तीन दिन उपस्थित रहकर लाखों लोगों को आशीर्वाद दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर 11हजार किलोमीटर दूर फिजी में बागेश्वर मठ की स्थापना होगी, यहां दो लाख भारतीय रहते हैं।

### दुनिया के कई देशों में लहराया भगवा ध्वज, लंदन की संसद में गूंजा हनुमान चालीसा

बागेश्वर महाराज ने इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया, फिजी, ओमान, लंदन, दुबई, न्यूजीलैंड जैसे देशों की यात्रा करते हुए यहां कथा के माध्यम से लोगों में सनातन के प्रति जुड़ाव पैदा किया। इन देशों में सनातन की ध्वजा भी लहराई। महाराज श्री की उपस्थिति में लंदन की संसद में हनुमान चालीसा की गूंज सुनाई दी। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने तिलक लगाकर सनातन का समर्थन किया। वहीं अफ्रीकी देश युगांडा में 15 अगस्त को तिरंगा लहराया गया। हर वर्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बागेश्वर धाम आने वाले लाखों लोग महाराज श्री के दर्शन करने के साथ उनकी पूजा करते थे लेकिन इस बार बागेश्वर महाराज ने अपनी पूजा न करवाते हुए सिद्ध संत सन्यासी बाबा की पादुकाओं की पूजा करवाई। भटके लोगों को राह दिखाने वाले सन्यासी बाबा की पादुकाओं की पूजा कर लोगों ने अपनी व्याधियों से मुक्ति पाई। हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने और दुनिया भर में सनातन के शांति का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से बागेश्वर महाराज ने 7 नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से श्री धाम वृंदावन की पदयात्रा की। देश विरोधी ताकते के लगातार कुत्सित प्रयास के बावजूद सन्यासी बाबा और बालाजी की कृपा से यात्रा निर्विघ्न संपन्न हो गई। इस यात्रा का सैलाब दुनिया भर के लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए मजबूर करता रहा। लोगों की आस्था कदम से कदम मिलाकर चलती रही। तीन से चार करोड लोगों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाली इस यात्रा में 48 चौपाल लगाई गई, वहीं 28 सहभोज हुए। जात-पात का भेदभाव भुलाकर लोग सुंदर और अनोखा भारत बनाने के लिए एकजुट दिखे।

### छतरपुर को आकांक्षी जिलों की रैंकिंग में अव्वल बनाने का संकल्प : डॉ. वीरेंद्र कुमार

# केंद्रीय मंत्री ने ली दिशा समिति की बैठक, योजनाओं की गहन समीक्षा



छतरपुर।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री और क्षेत्रीय सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि छतरपुर एक आकांक्षी जिला है और इसे विकास की रैंकिंग में शीर्ष पर लाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को मिलकर काम करना होगा।

बैठक के दौरान डॉ. वीरेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसे प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से अब तक की प्रगति का पालन प्रतिवेदन मांगा। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का क्रियान्वयन इस प्रकार हो कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पारदर्शी ढंग से पहुँचे। केंद्रीय मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि छतरपुर जिला आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल है। इसे रैंकिंग में ऊपर लाने के लिए जमीनी स्तर पर सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्रों की वास्तविक समस्याओं को बैठक में रखें ताकि अधिकारी उन पर त्वरित कार्रवाई कर सकें। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि शासन के प्रयासों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की सक्रियता ही जिले को विकास के पायदान पर ऊँचा ले जा सकती है।

### छात्रावासों की व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश

समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की सुविधाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कुछ छात्रावासों में पाई गई अव्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि बच्चों को पानी, टॉयलेट, बाथरूम और निर्बाध बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं हर हाल में मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने छात्रावासों में विद्यार्थियों के लिए कोचिंग, कंप्यूटर ट्रेनर्स और आधुनिक शिक्षा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य की पीढ़ी के विकास के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस बैठक में जिले के विधायकगण, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद पंचायत प्रतिनिधि और कलेक्टर सहित तमाम वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी विभागों को आगामी समय में अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने और लंबित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने की हिदायत दी गई।

### पट्टे की जमीन पर कब्जे का आरोप, पति-पत्नी पहुंचे कलेक्टर की जनसुनवाई

# दबंगों से जान का खतरा बताया, न्याय की लगाई गुहार

छतरपुर।



मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया, जहां पीड़ित पति-पत्नी ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि गांव के दबंगों ने उनकी पट्टे की जमीन पर कब्जा कर लिया है और लगातार धमकियां दी जा रही हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है। पीड़ित महिला फूलन बाई पति मथुरा अहिरवार, निवासी ग्राम लखनगुवा, ने बताया कि उन्हें शासन द्वारा खसरा नंबर 697, रकबा 1.019 हेक्टेयर भूमि का पट्टा प्राप्त हुआ था, जिस पर उनका वैध कब्जा था। आरोप है कि जसपाल दुबे, भरत दुबे, महेंद्र दुबे और कल्लू दुबे ने जबरन उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य प्रशासनिक स्तरों पर शिकायतें कीं। पीड़िता का कहना है कि वे मामले में एसडीएम और कमिश्नर स्तर तक भी जीत चुकी हैं, इसके बावजूद आरोपी अब तक कब्जा खाली नहीं कर रहे हैं।

फूलन बाई ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से न्याय के लिए भटक रही हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। गांव में पूर्व में हत्या की घटना हो चुकी है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को गंभीर खतरे की आशंका बनी हुई है। पीड़ितों ने जनसुनवाई में प्रशासन को अवगत कराया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उनके साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है। जनसुनवाई में दंपति ने कब्जा हटवाने, आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही है।

### 70 वें लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज होगा फाइनल मुकाबला, खजांची स्पोर्टिंग बनाम नौगांव वॉरियर्स के मध्य होगी कांटे की जंग



**नौगांव।** नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम नौगांव में लगभग 15 दिनों से चल रहे क्रिकेट के महाकुंभ का आज होगा फाइनल मुकाबला। क्रीड़ा सभापति अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए पहला सेमीफाइनल मुकाबला खजांची स्पोर्टिंग बनाम महाराजा छत्रसाल के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर महाराजा छत्रसाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 15 ओवरों में 118 रन बनाएं 119 रनों का लक्ष्य दिया महाराजा छत्रसाल से शानदार बल्लेबाजी करते हुए मयंक यादव ने 30 गेंद में 37 रन बनाएं जिसमें चार चौके शामिल है और रोहित रैकवार ने 17 गेंदो पर 35 रन बनाए जिसमें शानदार तीन छक्के और दो चौके शामिल है खजांची स्पोर्टिंग से गेंदबाजी करते हुए जुबेर खान ने तीन विकेट लिए और दो विकेट छोटे राजा ने लिए जीत के इरादे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी खजांची ट्रांसपोर्ट की ने इस मैच को अंतिम ओवर में 6 विकेट से जीत लिया। खजांची स्पोर्टिंग से शानदार बल्लेबाजी करते हुए ऋषि ने 16 गेंदो पर 40 रन बनाएं जिसमें तीन चौके और तीन शानदार छक्के शामिल है और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। छत्रसाल की ओर से शिवांक रिछारिया ने अपने तीन ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिए। दिन का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एस जे सीनियर बनाम नौगांव वॉरियर्स के मध्य खेला गया जिसमें एस जे सीनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट गंवाकर 80 रन बनाए 81 रनों का लक्ष्य दिया एस जे क्लब टीम से राघव राय ने 37 गेंदो पर 29 रन बनाएं जिसमें तीन चौके शामिल हैं और कोई भी बल्लेबाज सेमीफाइनल जैसे बड़े मुकाबले में कुछ कमाल नहीं कर पाया। नौगांव वॉरियर्स की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चेतन राय ने, दो विकेट लवलेश चौबे ने लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नौगांव वॉरियर्स की टीम ने बड़ी ही आसानी से इस मैच को 8 विकेट से जीत लिया। नौगांव वॉरियर्स की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए सूरज तिवारी ने 29 गेंद पर 36 रन बनाए जिसमें चार चौके शामिल है अनिरुद्ध सिंह परमार ने 18 गेंद पर 22 रन बनाएं रोहित चौबे ने 14 गेंद पर 17 रन बनाए और अपनी टीम को फाइनल मुकाबले में पहुंचा दिया। नौगांव वॉरियर्स से चेतन राय को शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लेने पर मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## खबर संक्षेप

### मुख्य सचिव 5 जनवरी को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

रीवा। मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक अब 5 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत करने तथा निर्धारित तिथि में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।3

### रीवा संभाग में 20 गांव बनाए जा रहे जल स्वावलंबी गांव

रीवा। जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता है। भू जल के लगातार उपयोग से भू जल स्तर में तेजी से गिरावट हुई है। रीवा संभाग के कई गांवों में गर्मियों में पेयजल के लिए कठिनाई होती है। ऐसे गांव का चिन्हांकन करके उन्हें जल स्वावलंबी गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। पेयजल समस्यामूलक गांवों में जल संरक्षण, जल संवर्धन तथा जल प्रबंधन के कार्य करके इन्हें दो वर्षों में जल स्वावलंबी गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। रीवा संभाग में 20 गांवों को जल स्वावलंबी गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें रीवा जिले के 6 गांव ग्राम गड्डी, गंगेव, थनवरिया, छदहना, गोरगांव 164 तथा लादझिरिया शामिल हैं। मऊगंज जिले के सीतापुर, पिपराही तथा बहुती एवं सतना जिले के ग्राम झरी, माधवगढ़ एवं आमा को जल स्वावलंबी गांव के रूप में चिन्हित किया गया है। सीधी जिले में ग्राम बीछी पतेर, हर्दी, निधिपुरी, नमानगर तथा रतवार गांव का चिन्हांकन किया गया है। सिंगरौली जिले में ग्राम उतानीपाठ, परमा एवं खम्हरिया कला को जल स्वावलंबी गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन गांवों में विभिन्न विभागों की योजनाओं से जल संरक्षण के कार्य तथा वृक्षारोपण के कार्य कराए जा रहे हैं।

### मुख्य सचिव 5 जनवरी को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

रीवा। मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक अब 5 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत करने तथा निर्धारित तिथि में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### जनसुनवाई में आमजनता के 68 आवेदन में हुई सुनवाई



रीवा। आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल तथा डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा ने आमजनता के 68 आवेदनों में सुनवाई की। जनसुनवाई में ग्राम मौहरिया निवासी रामाश्रय ने राजस्व प्रकरणों के लिए वर्ष 1958 के खसरे की नकल के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर को आवेदक को आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुकद्दर बेग निवासी घोघर ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। प्रकरण कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया। राजकुमार मिश्रा निवासी पड़रा रीवा ने उद्यम क्रांति योजना के तहत लंबित आवेदन को बैंक द्वारा अमान्य करने की शिकायत की गई। डिप्टी कलेक्टर ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को आवेदन का परीक्षण कर समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ममता सोधिया निवासी रीवा, रावेन्द्र सिंह निवासी धौचट ने नामांतरण तथा नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को दोनों आवेदनों में कार्यवाही के निर्देश दिए। राममित्र कुशवाहा ने ग्राम सगरा में मुक्तिधाम निर्माण के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। संतोष गुप्ता निवासी पटेहरा ने प्रसूति सहायता योजना में बच्चे की गलत जानकारी दर्ज करने के कारण योजना का लाभ न मिलने की शिकायत की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पोर्टल में सुधार करके योजना का लाभ देने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और कुपोषण पर नियंत्रण के लिए संवेदनशीलता से प्रयास करें

# एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही कर प्रतिवेदन दें - प्रभारी कलेक्टर

रीवा।



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कलेक्टर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में कार्यवाही की समीक्षा की। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि कमिश्नर्स और कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में की गई कार्यवाही की उच्च स्तर से निरंतर समीक्षा की जा रही है। सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिले के विकास से संबंधित ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना, विधानसभा क्षेत्र विकास के लिए बनाई गई कार्य योजना तथा वर्ष 2047 तक विकसित जिला बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप विभाग की तीन वर्ष की कार्ययोजना बनाएं। इस कार्ययोजना के वर्षवार लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करें। इसमें किसी तरह की कठिनाई होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएं। विभागीय समीक्षा बैठकों का नियमित रूप से आयोजन करें। सभी अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल, स्कूल तथा छात्रावासों का सामान्य रूप से निरीक्षण करके साप्ताहिक टीएल बैठक में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में डॉ सोनवणे ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करें। मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर तथा कुपोषण पर नियंत्रण के लिए संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। हर महीने प्रसव के दौरान हुई मौत की घटनाओं की ऑडिट कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। प्रत्येक गर्भवती महिला को यदि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने केन्द्र में ही आयरन की गोली खिला दे तो एनीमिया पर पूरा नियंत्रण हो सकता है। आमजनता के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े सूचकांकों में तथ्यपूर्ण जानकारी दें। गंभीर रूप से एनिमिक गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाने तथा अतिरिक्त खून चढ़ाने की संवेदनशीलता से मॉनीटरिंग करें। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का पंजीयन कराकर उनकी फसल का प्रमाणीकरण कराएं। नरवाई जलाने की घटना रोकने के लिए प्रभावी उपाय करें। प्रत्येक हार्वेस्टर में नरवाई प्रबंधन अनिवार्य रूप से कराएं। इसका पालन न करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करें। नरवाई जलाने वाले किसानों पर भी जुर्माने की कार्यवाही करें। उप संचालक पशुपालन नए मिल्करूट बनाएं तथा नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कराकर दूध के संकलन में वृद्धि कराएं। रोजगारमूलक सभी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्य 15 जनवरी तक पूरा करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक उद्यम क्रांति योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना के अमान्य प्रकरणों की बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक में समीक्षा कराएं। यदि प्रकरण गलत तरीके से अमान्य किया गया है तो बैंक शाखा प्रबंधक पर कार्यवाही करें। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा कार्यपालन यंत्री पीएचई 25 जनवरी तक शेष नलजल योजनाओं का कार्य पूरा कराकर उन्हें 26 जनवरी को समारोहपूर्वक ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। समारोह में कम से कम 150 नलजल योजनाओं को हैण्डओवर करें। सभी बहुमंजिला भवनों में निर्माण की अनुमति के साथ फायर सेफ्टी के लिए भी आवेदन कर दें। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का कठोरता से पालन कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा सुशासन के प्रयासों की जानकारी दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जिले में आठ गांवों को वृंदावन गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिले में 101 गौशालाएं वर्तमान में संचालित हैं। बैठक में बताया गया कि खाद वितरण के लिए एक जनवरी से ई टोकन की व्यवस्था लागू की जा रही है। इसमें किसान अपनी सुविधा से स्लॉट बुक करके निर्धारित वितरण केन्द्र से खाद प्राप्त कर सकता है। जिले में दो नए मिल्करूट बना लिए गए हैं। दूध संकलन में गत दो महीने में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कामधेनु योजना से 13 आवेदन पत्र स्वीकृत हो गए हैं। जिले के 50 गांवों में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए क्षीरधारा योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 101 औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए निवेश अनुबंध पत्र किए गए थे। इनमें से 21 इकाईयाँ स्थापित हो गई हैं तथा 8 में उत्पादन शुरू हो गया है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री अपने फार्म हाउस में कर रहे हैं प्राकृतिक खेती

### किसानों के लिये प्रेरणा स्त्रोत

रीवा।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल अपने रीवा के हरिहरपुर स्थित फार्म हाउस में प्राकृतिक खेती कर किसानों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। उन्होंने अपने फार्म हाउस पहुंचकर प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री के फार्म हाउस में प्राकृतिक रूप खेती से पालक, मेथी, धनिया, बथुआ, चौराई, शलजम गाजर आदि सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। इसी प्रकार प्राकृतिक बीजामृत से गेंहू की फसल बोई गई है जिसमें गोबर की खाद का उपयोग किया गया है। यूरिया के विकल्प के तौर पर कल्चर का उपयोग गेंहू की फसल में उत्पादन के लिये किया जायेगा।
इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने का भारतीय पद्धति है। इससे किसानों की लागत घटाने, आय बढ़ाने और उन्हें बाहरी निर्भरता से मुक्ति मिलती है। इसके उत्पादन से हमारे धरती का तथा परिवार का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। उन्होंने किसानों से आह्मवान किया कि अपने खेती योग्य भूमि में से 10 प्रतिशत भूमि में प्राकृतिक खेती करें तथा स्वस्थ्य रहें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ा गया है। जिले में बसामन मामा गौवन्य विहार में प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ हो चुका है। हरिहरपुर फार्म हाउस में इस क्षेत्र के किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा उन्हें यहां का भ्रमण कराकर प्राकृतिक खेती करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। इसी क्रम में हिनौती गौधाम में भी प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा जिले को प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाना है। उन्होंने कहा कि गौशालाएं गौसंरक्षण केन्द्र नहीं बल्कि कृषि आदानों के उत्पादन के आर्थिक केन्द्र के रूप में विकसित की जा रही है। गोबर व मूत्र से तैयार जीवामृत, बीजामृत और पंचगव्य जैसे प्राकृतिक इनपुट मिट्टी के सूक्ष्म जीवों में सक्रिय रहते हैं और भूमि की उर्वरता को दीर्घकाल तक बढ़ाते है। उप मुख्यमंत्री ने फार्म हाउस में पीपल के वृक्षों का रोपण किया। उन्होंने अपने पूज्य पिता के समाधि स्थल पहुंचकर उनका पुण्य स्मरण किया व श्रृद्धांजलि दी। इस दौरान अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व संयुक्त संचालक डॉ. राजेश मिश्रा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेश सिंह एवं रविशंकर संस्थान के प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# ढरवरा के जंगल में मादा तेंदुए का शिकार, पंजों से नाखून काट ले गए शिकारी, वन महकमे में खलबली

### डॉग स्क्वाड के साथ पहुंची वन विभाग की टीम ने तीन घरों की ली तलाशी, नहीं लगा सुरागसीसीएफ और डीएफओ की मौजूदगी में कराया पीएम, फिर हुआ अतिम संस्कार

रीवा।



जिले के चाकघाट रेंज अंतर्गत ढखरा जंगल एक अवयस्क मादा तेंदुए के शिकार करने का मामला सामने आया है। शनिवार शाम को जंगल से लगे गांव के समीप एक पगडंडी के किनारे खाई में तेंदुए को मृत अवस्था में पाया गया है। उसके चारों पंजों के नाखून काट लिए गए है। घटना के बाद अधिकारियों में खलबली मच गई है। इस बीच शिकारियों की धर पकड़ के प्रयास में रविवार का पन्ना नेशनल पार्क से डॉग स्क्वाड बुलाया गया, जिसकी सर्चिंग पर पहाड़ी बसी एक बस्ती के तीन घरों की तलाशी भी ली गई, लेकिन वहां कोई सबूत विभाग को नहीं मिले। इस बीच मुकुंदपुर जू और पन्ना के दो चिकित्सकों ने शव का पीएम किया और बाद में सीसीएफ, डीएफओ एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वन अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए की उम्र करीब डेढ़ साल की है। फिलहाल स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, डॉग स्क्वाड और वन अमला शिकारियों की सरगर्मी से तलाश कर रहे हैं। बताया गया है कि वखरा वन बीट के जंगल के समीप एक पगडंडी में तेंदुए का शव पड़े होने की सूचना ढखरा के ग्रामीणों द्वारा दी गई है। एसडीओ फारेस्ट हीतेश खंडेलवाल ने बताया कि अवयस्क तेंदुए का शिकार किया गया है। सूचना के बाद मौके पर मिले शव के पंजों से नाखून उखाड़े गए हैं। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट है कि शिकारियों ने नाखून के लिए शिकार किया है। जांच में कुछ संदिग्ध लोग सामने आए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है।पन्ना, रीवा के डॉक्टरों की टीम ने किया पीएमबताया गया है कि शव का पीएम करने एवं शिकारियों तक पहुंचने के लिए पन्ना नेशनल पार्क से मदद ली जा रही है। पन्ना और मुकुंदपुर के दो डॉक्टरो की टीम ने पीएम किया है। हालाकि पीएम की प्रारंभिक रिपोर्ट में किसी प्रकार के चोट के निशान बगैरह नहीं पाए गए हैं। विस्तृत रिपोर्ट के लिए विसरा अन्यत्र भेजा जा रहा है। बाद में सीसीएफ, डीएफओ, एसडीओ फारेस्ट और ग्राम पंचायत बखरा के सरपंच और हल्का पटवारी की मौजूदगी में तेंदुए का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। साथ ही तेंदुआ के कुछ आर्गेन्स जबलपुर और अन्य लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है।

# जिले में अस्पताल के 1200 आउटसोर्स कर्मचारियों ने शुरू की काम बंद हड़ताल

### दो माह से वेतन नहीं मिलने पर नाराज, एसजीएमएच, जीएमएच और सुपर स्पेल्टी अस्पताल में बिगड़ सकती है व्यवस्थाएं

रीवा।



जिले के श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से संबंधित संजय गांधी, गांधी मेमोरियल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों ने मंगलवार को वेतन विसंगति को लेकर काम बंद हड़ताल कर दी है। हाइट्स कंपनी के अंडर में काम करने वाले तकरीबन 12 सौ आउटसोर्स कर्मचारी 2 माह से वेतन ना मिलने से नाराज है। सुबह से ही काम बंद हड़ताल शुरू होने के बाद अस्पताल में अव्यवस्था का आलम निर्मित हो गया, जिसके बाद मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर सुनील अग्रवाल ने खुद आउटसोर्स कर्मचारी के पास जाकर उनसे मुलाकात की है। डीन ने ना सिर्फ आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याएं सुनी, बल्कि कंपनी से बातचीत कर महज 2 घंटे के भीतर उनके वेतन का भुगतान कराने का आश्वासन दिया है। हालांकि डीन के आश्वासन के बाद भी आउटसोर्स कर्मचारी अपनी मांग पर अड़े हैं, उनका कहना है कि जब तक वेतन नहीं मिल जाता तब तक वह काम नहीं शुरू करेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें बार-बार कंपनी द्वारा झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने पूर्व में भी कंपनी को सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर चेताने की कोशिश की थी, लेकिन कंपनी बार-बार उन्हें झूठा आश्वासन देती रही, जिसके चलते वह आज काम बंद हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए हैं। वहीं कर्मचारियों से बातचीत करने पहुंचे मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर सुनील अग्रवाल ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया है, कि जल्द ही उनका वेतन दिलाया जाएगा। उन्होंने बार-बार ऐसी स्थिति निर्मित होने पर कहा कि कंपनी के कॉन्ट्रैक्ट को रिव्यू किया जाएगा और उच्च अधिकारियों को भी इस संबंध में पत्र लिखा जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को साइकिल का किया वितरण

रीवा।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश को ऊंचाई पर बनाए रखने का कार्य नई पीढ़ी को ही करना है। शुक्ल ने शासकीय मार्तण्ड क्रमांक दो विद्यालय में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को साइकिल का वितरण किया। उन्होंने दो करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 12 अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरूजनों का दायित्व है कि वह बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दें। शिक्षकों में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए कि उनके विद्यार्थी आगे बढ़ें। उनका दायित्व है कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानें और उनको विकसित करने में अपनी भूमिका का निर्वाह करें। शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की भावना जागृत करना आवश्यक है। इसके साथ उन्हें संवेदनशील भी बनाना चाहिए ताकि देश व समाज के लिए वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सके। शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं व कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए साइकिल वितरण शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा अपेक्षा की कि यह विद्यालय बेहतरीन विद्यालय बनेगा। इससे पूर्व विद्यालय के प्राचार्य सुदामालाल गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय के विकास के संबंध में मांगे रखीं। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पार्षद अनीता सिंह, एसडीएम हूजूर डॉ अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह, पूर्व पार्षद सतीश सिंह सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मऊगंज में कटे-फटे होंठ, तालू वाले बच्चों की हुई निःशुल्क जाँच

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से 7 बच्चों का होगा ऑपरेशन



**मऊगंज।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल अस्पताल मऊगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जन्मजात विकृति कटे-फटे होंठ एवं तालू से ग्रसित बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि चिन्हित बच्चों की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की गई। इसके लिए आयोजित शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सकों तथा दुबे सर्जिकल जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ केके पटेल एवं श्री राजाबाबू द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। शिविर में शामिल 13 बच्चों में 7 बच्चें जाँच के बाद ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाए गए। इन बच्चों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए उनके परिजनों के साथ विशेष वाहन से जबलपुर के लिए रवाना किया गया। जबलपुर में दुबे हास्पिटल में इनका ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा। इन बच्चों का पंजीयन और चिन्हांकन ग्राम पंचायत स्तर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा किया गया है। ऑपरेशन के बाद इन बच्चों के कटे-फटे और विकृत अंगों में पूरी तरह से सुधार हो जाएगा। निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में आरबीएसके के समन्वयक विष्णु प्रताप सिंह, मेडिकल आफीसर डॉ रवि सिंह, रामदरश साकेत, डॉ विवेक त्रिपाठी, डॉ शिव कुमार पटेल, संदीप सिंह तथा अन्य चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि कोई भी ऐसा हितग्रही हो जिसका होंठ तालू कटा हुआ है अथवा किसी भी तरह से जन्मजात विकृति की समस्या है तो जिला अस्पताल बिछिया में पदस्थ विष्णु प्रताप सिंह से मोबाइल नम्बर 9926004216 पर निःशुल्क उपचार के लिए संपर्क कर सकता है।

## यातायात व्यवस्था सुधारने और दुर्घटनाएं रोकने के प्रयास करें सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

मऊगंज



जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने क्षेत्र की सड़कों की वर्तमान स्थिति और डिवाइडर व साइन बोर्ड की आवश्यकता पर अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि हाइवे और प्रमुख सड़कों में निर्धारित स्थल में पर्याप्त संख्या में साइन बोर्ड लगाएं। तेज गति से तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाही करें। यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाएं जिससे आमजनता का आवागमन सुरक्षित हो सके। बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, एनएचआई तथा सड़क निर्माण से जुड़े अन्य अधिकारी प्रमुख सड़कों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित करें। इन स्थलों में सड़क दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक प्रबंध करें। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन आवर में उपचार सहायता मिल सके और उनके प्राण बच सकें। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों का संबंधित अधिकारी कठोरता से पालन कराएं। इसका पालन प्रतिवेदन साप्ताहिक टीएल बैठक में प्रस्तुत करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना है। तकनीकी अधिकारी सड़कों में आवश्यक सुधार कराएं तथा हाइवे से मिलने वाली सड़कों में स्पीड ब्रेकर बनाएं। टोल नाकों में एंबुलेंस और क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। हाइवे में अधिकतम 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा का पालन करते हुए वाहन चलाएं। दोपहिया वाहन चालक और पीछे बैठने वाले हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाएं। हेलमेट केवल चालान से नहीं बचाता दुर्घटना होने पर आपकी जान भी बचाता है। यातायात नियमों का पालन करके ही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण संभव है। बैठक में सड़कों में सुधार, बेसहारा पशुओं को सड़कों से हटाकर व्यवस्थित कराने, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल उपचार सहायता देने के प्रबंधों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर पवन गोरिया, एसडीम मऊगंज राजेश मेहता, एडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।